समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# शेयर बाजार मे 4 दिनों की गिरावट पर ब्रेक, 317 अंक उछलकर बंद हुआ सेसेंक्स, निफ्टी 25100 के पार।

Publisher

Published on 15 Jul 2025



**ऑटो सेक्टर मे मजबूती और सकारात्मक वैश्विक संकेतों से बाजार मे लौटी तेजी, फार्मा और हेल्थकेयर शेयरों ने भी दिया साथ।**

**मुंबई :** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को **शेयर बाजार** ने जोरदार वापसी की और लगातार चार दिनों से चली आ रही गिरावट पर विराम लगा दिया। निवेशकों में फिर से भरोसा लौटा और बाजार हरे निशान पर बंद हुआ।

**बीएसई सेसेंक्स मे 317.45 अंकों** की तेजी दर्ज की गई और यह **82,570.91** के स्तर पर बंद हुआ। वहीं **एनएसई निफ्टी 50 भी 113.50 अंक** उछलकर **25,195.80** पर पहुंच गया।

तेजी वाले शेयर:
१. **सन फार्मा** – 2.17% की बढ़त
२. **ट्रेंटं** – 1.66%
३. **टाटा मोटर्स** – 1.55%
४. **बजाज फिनसर्व** – 1.51%
५. **महिंद्रा एंड महिंद्रा** – 1.28%

गिरावट वाले शेयर:
१. **एचसीएल टेक** – 3.31% की गिरावट
२. **एटरनल** – 1.57%

३. **टाटा स्टील** – 0.81%
४. **कोटक महिंद्रा** – 0.68%
५. **एक्सिस बैकं** – 0.76%

**विशेषज्ञ की राय :**
जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के रिसर्च हेड **विनोद नायर** का कहना है कि **वैश्विक** और **घरेलू बाजार** में दिख रही सकारात्मकता का सीधा असर **शेयर बाजार** की चाल पर पड़ा है। ऑटो सेक्टर की मजबूती ने निवेशकों का भरोसा दोबारा जगाया है।

अन्य इंडेक्स का प्रदर्शन:
१. **निफ्टी मिडकैप 100** – 0.95% ऊपर
२. **निफ्टी स्मॉलकैप 100** – 0.95% की तेजी
३. **निफ्टी ऑटो** – 1.50% की बढ़त
४. **निफ्टी हेल्थकेयर** – 1.23% ऊपर
५. **निफ्टी फार्मा** – 1.14% की मजबूती
६. **इंडिया VIX** – 4.17% की गिरावट (निवेशकों में घबराहट कम)

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.